## खबर संक्षेप

### कलेक्टर सोमेश मिश्रा 13 दिसंबर को पीपीओ का वितरण करेंगे

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार 13 दिसंबर 2024 को दोपहर 3 बजे गोलमेज सभाकक्ष में सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों को पीपीओ वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजित समारोह में सभी कार्यालय प्रमुखों अथवा संबंधित प्रभारी अधिकारियों को नवम्बर 2024 में सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा नशामुक्त भारत अभियान समिति की बैठक लेंगे

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा 16 दिसंबर को दोपहर एक बजे जिला योजना भवन में नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक लेंगे। उक्त बैठक में सभी सदस्य एवं सचिव को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### 14 दिसंबर को 4 पंचायतों में लगेंगे 'आरोग्यम मंडला' जन स्वास्थ्य शिविर

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में 14 दिसंबर 2024 दिन शनिवार को 4 ग्राम पंचायतों में 'आरोग्यम मण्डला' जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आमजन को ग्राम पंचायत स्तर पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर को 2 विकासखंड के चिन्हित ग्राम पंचायतों में आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड मंडला में ग्राम पंचायत पौंड़ी माल में शिविर लगाया जायेगा। विकासखंड मवई में ग्राम पंचायत पनारीखेड़ा, कुकती और सरई में शिविर लगाए जाएंगे।

## अधिकारियों की लापरवाही बच्चों पर पड़ेगी भारी?

# सूचना के बावजूद सालभर में मरम्मत नहीं






*** सालभर पहले जनपद सदस्य ने जनसुनवाई में की थी शिकायत।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक आठ के प्राथमिक माध्यमिक शाला भवन विगत कैई वर्षो से जर्जर हालत में है। जर्जर शाला भवनों की छत मरम्मत के लिये जनपद सदस्या रंजना मरावी द्वारा मई 2023 में कलेक्टर मण्डला की जनसुनवाई में आवेदन दिया गया है परन्तु एक साल से ज्यादा का समय बीतने के बावजूद भी ज्ञापन पत्र दर्शाये दस प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवनों के छत मरम्मत का कार्य नहीं हो सका है। न ही जवाबदेह अधिकारी बरसात के समय छत की जर्जर हालत और छत टपकने की शिकायत के बावजूद कभी निरीक्षण में नहीं जाते फिर मौके पर निरक्षण टीप लिखने की बात ही कहां ? जनपद सदस्या श्रीमती रंजना मरावी ने निम्नलिखत शाला भवनों की छत मरम्मत की मांग विगत वर्ष मई 2023 से कर रही है जो इस प्रकार हैं - पूर्व माध्यमिक शाला भवन मझगांव (पोतला) प्राथमिक शाला भवन मझगांव प्राथमिक शाला भवन पोतला प्राथमिक शाला भवन लालगंज प्राथमिक शाला भवन बीजेगांव प्राथमिक शाला भवन बैगाटोला खम्हरिया पूर्व माध्यमिक शाला भवन बीजेगांव की छत पूर्ण रुपेण खराब प्राथमिक शाला भवन कुईमाल प्राथमिक शाला अमदरा प्राथमिक शाला भवन अमदरा इस प्रकार दस शाला भवनों की छत विगत कैई वर्षो से जर्जर हालत में हैं जिसकी शिकायत शाला प्रमुख शिक्षकों और स्थानीय जन प्रतिनिधिगण समय-समय पर देते रहते है परन्तु शासन -प्रशासन में बैठे उच्च वर्ग के जवाबदेह मोटी तन्खवाह पानेवाले अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों के बसने वाले गरीब आदिवासी समाज के बच्चों की परवाह कहां ? उनके बच्चे तो कान्वेंट इंग्लिश मीडियम के स्कूलों में पढते हैं | क्या बरसात लगने के पूर्व उक्त दर्शाये गये स्कूलों की छत मरम्मत सम्भव है या नयी शाला भवन निर्माण संभव है?


जनपद पंचायत नारायणगंज, जिला मण्डला (म.प्र.)
कार्यालय कलेक्टर जिला मण्डला
जनसुनवाई हेतु आवेदन पत्र

## बिछिया अस्पताल पर लापरवाही के परिजनों ने लगाये आरोप

### डिलीवरी के दौरान पेट में कपड़ा छोड़ने से गई प्रसूतिका की जान, चक्काजाम कर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिले के बिछिया अस्पताल पर प्रसूतिका के परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बिछिया अस्पताल में डिलीवरी के दौरान पेट में कॉटन और कपड़ा छोड़ दिया गया। जिसके कारण हुए इंफेक्शन की वजह से महिला की मौत हो गई। गुरुवार को महिला के परिजनों ने थाने के सामने चक्काजाम करते हुए विरोध जताया। मामले को गर्माता देख मौके पर एसडीएम, तहसीलदार पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बात कर मामला शांत किया।

### पेट में कॉटन की वजह से हुए इंफेंक्शन

मृतिका के पति मोनीष मोंगरे ने बताया कि 4 दिसंबर को अपनी पत्नी रीनू मोंगरे को डिलीवरी के लिए बिछिया स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। उसी रात नॉर्मल डिलीवरी के बाद बेटे का जन्म हुआ। बच्चे के स्वास्थ्य को देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां बच्चा तो स्वस्थ हो गया लेकिन पत्नी की तबियत खराब होते चली गई। 9 दिसंबर को जिला अस्पताल में महिला डॉक्टर ने पत्नी का चेकअप किया। उसने पत्नी के पेट में कॉटन और कपड़ा सडन्ने की वजह से इंफेक्शन होने की बात बताई। डॉक्टर ने मेरी सास और बहन के सामने ही पत्नी के पेट से कपड़ा निकाला। उसके बाद पत्नी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पत्नी को पहले कटरा अस्पताल में भर्ती कराया और फिर वहां से गंभीर अवस्था में 10 दिसंबर को जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान 11 दिसंबर को पत्नी की मौत हो गई। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर दोषी नर्सों पर कार्यवाही की मांग की है।

### इनका कहना:-

*करंजिया निवासी मोनीष मोंगरे ने आवेदन दिया है कि उनकी पत्नी की बिछिया अस्पताल में डिलीवरी के दौरान लापरवाही की गई, जिससे पत्नी की मौत हो गई। आवेदन ले लिया गया है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।*

***वीरेंद्र वरकड़े, तहसीलदार, बिछिया, जिला मण्डला***



# भारतीय जनता पार्टी मंडला के 18 मंडल अध्यक्षों की सूची जारी

*** संगठन पर्व के तहत समन्वय एवं सहमति के साथ हुआ निर्वाचन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



भारतीय जनता पार्टी के चल रहे संगठन पर्व के तहत हुए निर्वाचन की प्रक्रिया के बाद जिले के 18 भाजपा मंडल अध्यक्षों की सूची प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी चुनाव पर्यवेक्षक श्रीमती लता ए लकर की सहमति से जारी की गई। मंडल अध्यक्ष के निर्वाचन में अनेक नए कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्षों का दायित्व मिला वही के कुछ मंडलों में मंडल अध्यक्षों को दूसरी बार मंडल में काम करने का अवसर दिया गया है। मंडला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा शीघ्र ही कुछ औपचारिकता पूर्ण होते ही जारी होगी। जिले के मंडलों में मंडला नगर मंडल में रानू राजपूत, निवास आकाश पांडे,अंजनिया नीरज पटेल, बम्हनी सूर्यकांत जांघेला, नैनपुर ग्रामीण प्रजय जैन, मोहगांव श्रीमती मालती मरावी, बिछिया नीरज भट्ट, पदमी ललित लोधी, बकोरी धर्मेंद्र मिश्रा,नैनपुर राकेश रजक, चिरईडोंगरी श्रीराम परते, घुघरी सुरेंद्र धुर्वे, सलवाह रामकुमार चौकसे, बीजाडांडी डुमारी लाल,बबलिया संदेश जायसवाल, घुटास अनूप सरोते, मवई प्रहलाद मरकाम नारायणगंज किशन टेकाम को भाजपा मंडल अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। नव नियुक्तमंडल अध्यक्षों को सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते थी कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम सहित पूर्व विधायक गण, समस्त जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधी गण, वरिष्ठ भाजपा नेताओं बूथ अध्यक्षों ने बधाई प्रेषित की है। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मालती मरावी को दी बधाई।

जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि जिले में पहली बार भाजपा में महिला मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ मोहगांव मंडल में श्रीमती मालती मरावी के भाजपा मंडल अध्यक्ष निर्वाचन पर प्रदेश अध्यक्ष सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा ने प्रदेश के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि श्रीमति मालती मरावी को मण्डला जिले के मोहगांव मंडल का मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। पूर्ण विश्वास है कि हमारी जनजातीय बहन के नेतृत्व में मोहगांव मंडल उत्कृष्ट कार्य करेगा। इस पोस्ट के बाद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

## विद्यार्थी परिषद ने कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य को आवेदन सौंप अव्यवस्थाओं को ठीक करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हितों के विषयों को प्रमुखता से उठाते आ रहा है, मण्डला नगर स्थित एक मात्र कन्या महाविद्यालय जगन्नाथ मुन्नालाल चौधरी महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की मूलभूत सुविधाओं की कमी की है जैसे कि महाविद्यालय में पेयजल की समस्या, शौचालय की नियमित साफ-सफाई ना होना, छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड मशीन ना होना, गर्ल्स कॉमन रूम है अनियमितताएं देखने को सामने आ रही है, जिससे कि छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है, इन सभी विषयों को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं वा महाविद्यालय की छात्राओं ने प्राचार्य महोदय को आवेदन सौंपकर इन सभी मांगों को पूरा करने के लिए आग्रह किया है। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राएं एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य ने छात्राओं की सभी मांगों को सही बताते हुए 15 दिनों में मागे पूरी करने की बात कही है।

**प्रदर्शन** | **अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन।**

# शहर कांग्रेस ने बांग्लादेश सरकार का किया पुतला दहन

*** राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



कांग्रेस पार्टी के द्वारा राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दू बौद्ध और ईसाई सामुदाय के ऊपर हो रहे अत्याचार पर कार्यवाही किए जाने मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि हम भारत के नागरिक और सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधि, बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदायों पर हो रहे अत्याचारों के प्रति अपनी गहरी चिंता और विरोध व्यक्त करते हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर भारी अत्याचार हो रहे हैं।



महिलाओं को अपमानित कर उनका शोषण किया जा रहा है, युवाओं की हत्याएं हो रही है, हिंदुओं की प्रॉपर्टी को लूटी जा रहा है, उनके घरों में आग लगाई जा रही है तथा हिंदुओं को बांग्लादेश से भगाया जा रहा है। मंदिरों में तोड़फोड़ हो रही है तथा मंदिरों को बंद किया जा रहा है!

बांग्लादेश सरकार हिंदुओं पर अत्याचार रोकने में तथा मंदिरों की सुरक्षा करने में असफल हो रही है। बांग्लादेश का प्रशासन पुलिस एवं सेना अतिवादियों के साथ है। अभी हाल ही में इस्कॉन मंदिर पर हुए हमले एवं इनके पदाधिकारीयों की गिरफ्तारी से पूरे बांग्लादेश में बवाल है तथा पूरे देश में चारों तरफ से हिंदुओं पर अत्याचार अचानक बढ़ गए हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि पीड़ित हिंदुओं को बांग्लादेश के जितने भी एयरपोर्ट है वहां से एयरलिफ्ट किया जाए तथा बांग्लादेश बॉर्डर पर आ रहे हिंदुओं की पहचान कर उन्हें तत्काल शरण दी जाए। इस दौरान शहर कांग्रेस के अध्यक्ष एड रजनीश रंजन उसराठे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी, एड संजय चौरसिया, आशु जैन, विनोद चौधरी, अनिल दुबे, कामिनी चौधरी, मानिक परते, आतिफ खान, इम्मू बाबा, राहुल श्रीवास, राहुल दुबे,शेख आदिल, जावेद कुरैशी, अमन लाहौरी एवं मीडिया विभाग से विवेक दुबे आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्लेंथ लेवल में होगी दुकान की नीलामी

*** लॉट पध्दति से हुई नवीन दुकानो की आरक्षण कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया



नगर परिषद भुआबिछिया क्षेत्रांतर्गत बाजार क्षेत्र वार्ड क्रमांक 10 में 31 दुकानों का नीलामी के संबंध में नगर परिषद आयुक्त बिछिया के सामान्य सभा बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार 31 नवीन दुकानों का निर्माण कार्य प्रारंभ हैं जिसका कार्य प्लेंथ लेवल तक पूर्ण किया जा चुका हैं लॉट पध्दति से दुकानों के आरक्षण हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम सिंह ओड़ाली के द्वारा बैठक सभा कक्ष में आहूत की गई जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया, वरिष्ठ नागरिकगण, नगर परिषद के पदाधिकारीगण व व्यापारीगण के समक्ष पारदर्शिता से कार्यवाही प्रारंभ की गई। जिसमें सर्व प्रथम 31 दुकाने जो वर्तमान में प्लेंथ लेवल पर हैं बाजार क्षेत्र में स्थित दुकान में क्रमांक क्रमशः अंकित उपरांत आरक्षण की कार्यवाही लॉट पध्दति के अनुसार पर्ची निकालकर सर्व प्रथम अनुसूचित जन जाति हेतु 09 दुकानों को आरक्षित किया गया इसी क्रम में अनुसूचित जाति वर्ग से 2 दुकानों को आरक्षित किया गया इसी प्रकार अन्य पिछड़ा वर्ग से 2 दुकानों को आरक्षित किया गया व अनारक्षित महिला वर्ग से 02 दुकानों आरक्षित किया गया कुल 15 दुकानों का आरक्षण पर्ची निकालकर सभी के समक्ष पारदर्शिता से किया गया शेष 16 दुकानों का अनारक्षित की गई हैं जिसमें दुकानो के आरक्षण कार्यवाही की सम्पूर्ण वीडियोंग्राफी कराई गई जिसमें उपाध्यक्ष रानू रणधीर सिंह राजपूत के के द्वारा सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुये दुकान नीलामी हेतु निविदा आमंत्रण की कार्यवाही शीघ्र किये जाने के संबंध में निर्देश दिये गये एवं नियम शर्तो सहित निविदा की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किये जाने के लिये निर्देशित भी किया गया हैं दुकान आरक्षण की कार्यवाही में ये रहे उपस्थित उपाध्यक्ष नगर परिषद भुआ बिछिया रानू रणधीर सिंह राजपूत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया, पार्षद प्यारे लाल कोराम, त्रिवेणी तेकाम, अजय पुरी गोस्वामी, विकास गवले, रजनी मरावी, चेतना राजपूत, नरेश कल्लू कसार, नारायणी साहू, पूनम रजक, शशिकांत श्रीवास्तव, हर्षलता श्रीवास, विवेक पाण्डेय, शोभित रावत, मुकेश श्रीवास, योगेश यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामसिंह ओड़ाली, राजस्व प्रभारी नारायण सिंह परते, एच.आर. कुरैशी उपयंत्री, घनश्याम सिंह चौहान एवं समस्त कर्मचारीगण एवं वरिष्ठ नागरिक गण एवं उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### मूंगा बाई का निधन



हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा। समीपस्थ ग्राम सिंहपुर छोटा निवासी बिदुर अतरौलिया की माताश्री श्रीमति मूंगा बाई का बीते हुये दिवस निधन हो गया। वह लगभग 95 वर्ष की थी। श्रीमति मूंगा बाई की शव यात्रा में ग्राम सिंहपुर छोटा सहित आसपास के अनेक गांवों के लोगों ने शामिल होकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

### दुकान से उधार में समान देने से मना किये जाने पर पाना मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पलोहा मार्ग विठ्ठन भवन के पास निवास करने वाले हरि सिंह पिता मनीराम कुशवाहा उम्र 45 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब बीते हुये दिवस वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था उसी दौरान लल्ला कुशवाहा तथा रम्मू कुशवाहा शराब पीकर आये और बोले की हम डिस्पोजल चाहिये। जब प्रार्थी द्वारा आरोपियों से कहा कि तुम्हारी पुराने उधारी के पैसा बाकी है अब उधार नही दूगा। इसी बात को लेकर आरोपियों द्वारा प्रार्थी के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये पाना से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा कहा कि यदि हम उधार देने से मना किया तो जान से खत्म कर देगे। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### कार की टक्कर से पहुंची चोट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम हीरापुर भटेरा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस मै बहन मुस्कान एवं खुशी के साथ हीरापुर से सालीचौका दीदी के घर अपनी मो.सा. होंडा साईन से जा रहा था। मैं जब सोयाबीन प्लांट के पास पहुँचा तभी पीछे तरफ से आ रही एक कार क्रमांक नंबर MP04CP5636 गोल्डन ब्राउन कलर के चालक द्वारा अपनी कार को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये हमारी मोटर साईकिल में पीछे से टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी सहित उसकी बहिनों को चोटे आने के कारण पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### घर के अंदर घुसकर मारपीट करते हुये की गई तोड़फोड़

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम अमाडा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब मेरे पति कोमल लोधी एंव लडका ओमप्रकाश लोधी अपने घर के अंदर टीव्ही देख रहे थें, तभी पुरानी बुराई को लेकर गाँव के ही यशवंत लोधी, जगदीश लोधी, बैनी लोधी , तुलसीराम लोधी अपने हाथो में लाठी डन्डा लेकर मेरे घर के अंदर घुस आये और मेरे परिवार के सभी लोगो को गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब उन लोगों को गाली देने से मना किया तोजगदीश एंव यशवंत लोधी ने हाथ में रखे लाठी डन्डो से मेरे घर का गेट, खिडकी, खपरा ,नहानी तथा मोटरसाईकिल में तोडफोड करते हुये क्षति पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी देते हुये बोले की यहाँ से घर बेंचकर चले जाओ नही तो पूरे परिवार को जान से खत्म कर देगें। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### वृद्व के साथ मारपीट करते हुये चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के शिवाजी वार्ड निवासी एक वृद्व द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके घर के पास से छोटू उर्फ गनेश कोरी नामक युवक गंदी गंदी गालिया देते हुये निकल रहा था तो प्रार्थी वृद्व द्वारा आरोपी को गाली देने से मना किये जाने की बात को लेकर प्रार्थी के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई

## मीडिया द्वारा सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी नही दिया जा रहा कोई ध्यान

# नगर की सड़कों पर महीनों तक पड़ी रहने वाली निर्माण सामग्री को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी राहगीरों को पड़ रही भारी







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय नगर की व्यवस्थाओं की सच्चाई पूर्णरूप से भगवान भरोसे चलते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है..? कहने के लिये तो प्रशासन स्तर पर गाडरवारा क्षेत्र की बागडोर युवा व कुशल अधिकारियों की हाथों में बताई जा रही है। मगर उनकी कार्यप्रणाली सिर्फ सोशल मीडिया की सुर्खियों में छाने तक सीमिति होने के कारण आमजन को परेशान होते हुये देखा जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से देखा जावे तो नगर पालिका प्रशासन से लेकर जिम्मेदार अधिकारी व पुलिस प्रशासन के लोगों द्वारा शहर की बिगड़ी हुई व्यवस्थाओं की सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये चुप्पी साधी जा रही है उसके चलते संपूर्ण व्यवस्थाएं भगवान भरोसे हो जाने की स्थिति पहुंचने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर मनमानी करने वालों के हौसले सातवे आसमान पर दिखाई देने से नही चूक रहे है ? क्योंकि नगर में जहां तहां चल रहे भवन निर्माणों को लेकर लोगों द्वारा जिस तरह मुख्य मार्गो पर निर्माण सामग्री रखी जा रही है वह आमजन के लिये परेशानी का कारण बनने के साथ साथ जन जीवन को संकट में डालने से भी नही चूक रही है। यह बात अलग है कि जब किसी के भवन का निर्माण चलता है तो मार्ग पर भवन निर्माण सामग्री रखना उसकी मजबूरी बन जाती है? मगर यदि वह सामग्री महिनों तक पड़ी रही तो निश्चित तौर से वह भवन मालिक की मजबूरी नही बल्कि मनमानी का उदाहरण पेश करने से नही चूक पाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के मुख्य मार्गो से लेकर कालोनियों मुहल्लों के आलवा शहर के अनेक मार्गो पर आसानी से देखने मिल सकती है जहां पर महिनों से नगर की मुख्य सड़को पर रखी हुई भवन निर्माणस सामग्री के चलते जहां नगर की यातायात व्यवस्था बदहाल तो हो रही है साथ ही साथ लोगों द्वारा अपने स्वार्थो को पूर्ण करने के लिये सड़को पर रखी गई रेत व गिट्टी के चलते आये दिन वाहन चालक फिसलने के कारण घायल होने से भी नही बच पा रहे है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर में जहां तहां चल रहे शासकीय निर्माणों से लेकर निजी भवन निर्माण के दौरान बुलाई गई रेत गिट्टी नगर में अनेक जगहों पर देखा जा रहा है जहां पर लगभग बीते हुये लम्बे समय से मुख्य मार्ग पर गिट्टी पड़ी हुई है। इस तरह मुख्य सड़क के किनारे रखी हुई इस गिट्टी व रेत के चलते ऐसा अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद भवन निर्माण करने वालों द्वारा इस मार्ग को खरीद ही लिया हो जिसके चलते महिनों तक इस मार्ग पर अपने भवन निर्माण की सामग्री रखने का इन्हे अधिकारी पत्र ही शासन द्वारा प्रदान कर दिया गया हो? इस संबंध में अनेकों बार मिडिया द्वारा सच्चाई को उजागर करते हुये क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है मगर इसके बाद भी किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही न होना निश्चित तौर से चिंता जनक सच्चाई को उजागर करते हुये जान पड़ रहा है। वही दूसरी ओर भवन निर्माण करने वालों द्वारा मनमाने तौर से महिनों तक मुख्य मार्गो पर अपने भवन निर्माण सामग्री रखे जाने के कारण आम लोगों को यहां से निकलना ही मुश्किल हो रहा है तो दूसरी ओर इस प्रकार से लगातार फैल रही रेत गिट्टी के चलते शायद ही ऐसा कोई दिन शेष रहता हो जब यहां पर दो पहिया वाहन चालक गिरने के कारण घायल होते हुये दिखाई न दे रहे हो? इसी प्रकार की स्थिति नगर के अन्य मुख्य मार्गो से लेकर कालोनियों व मुहल्लों की देखी जा रही है जहां पर लोगों द्वारा सरकारी सड़को पर कब्जा जमाते हुये रखी गई भवन सामग्री के चलते आम लोगों को आने जाने में लगातार परेशानी का सामना करने के साथ साथ वाहनों के फिसलने से घायल होते हुये देखे जाने के बाद भी नगर पालिका प्रशासन से लेकर जिम्मेदार अधिकारी व पुलिस प्रशासन द्वारा चुप्पी साधी जा रही है? इस प्रकार भवन निर्माणों के लिये बुलाई जाने वाली सामग्री सड़क पर लम्बे समय तक रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन से लेकर पुलिस अधिकारियों की भी होती है, मगर उनकी कार्यप्रणाली को देखते हुये यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा है कि शायद उनको इस नगर की व्यवस्थाओं से कोई लेना देना नही रहे गया है और लोग अपनी मनमानी पर उतारू रहते हुये जिसके दिल में जो आता है वह करने में लगा है? इस प्रकार से सड़को पर महिनों तक भवन निर्माण सामग्री रखते हुये कब्जा करने वालों के खिलाफ जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इसी प्रकार की चुप्पी साधी रही तो निश्चित तौर से नगर में किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

# पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता, युवक के पास से जप्त की गई चार लाख बीस हजार कीमत की स्मैक

### बडे सौदागर का भी नाम किया उजगार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में गाडरवारा पुलिस द्वारा जहां एक ओर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तो दूसरी ओर अवैध मादक पदार्थो का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस गाडरवारा पुलिस के हाथ स्मैक पावडर के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के चलते बड़ी सफलता हाथ लगने के साथ साथ एक आरोपी के पास से चार लाख से अधिक कीमत का स्मैक पावडर जप्त किया गया है तथा इसके मुख्य कारोबार की खोज करने में भी सफलता हासिल की गई हे। इस संबुध में पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि बीते हुये मंगलवार को नगर निरीक्षक प्रियंका केवट को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली की हनुमान मढ़िया पतलोन, इण्डेन गैस गोदाम रोड पर एक युवक अपने पास कुछ मादक पदार्थ रखे हुये उसका विक्रय करने की जुगाड में बैठा हुआ है। इस सूचना पर टीआई गाडरवारा द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेगा के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने के लिये एक टीम बनाई गई। इस टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी



निरीक्षक प्रियंका केवट के आलवा सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा, प्रधान आरक्षक धनीराम मेंजर, वही मादक पदार्थ के कारोबारियों को पकड़ने में संपूर्ण जिले में अपनी एक अलग पहचान बनाये जाने वाले वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, कमलेश, विश्वजीत ठाकुर, बाल किशन रघुवंशी बल्लू, नसीम, अक्षय श्रीवास्तव, बसंत ठाकुर को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचकर देखा तो एक युवक संदिग्ध स्थिति में बैठा हुआ दिखाई पड़ा और पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। इस तरह भागने के पहले पुलिस द्वारा संदिग्ध युवक की घेराबंदी करते हुये जब उसे अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो युवक द्वारा अपना नाम नर्मदा प्रसाद पिता परम लाल चौधरी उम्र 36 साल निवासी ग्राम चारगांव खुर्द गोटीटोरिया बताया गया। वही जब उसकी तलाशी ली गई तो युवक के पास से 42.87 ग्राम स्मैक पावडर सहित एक मोबाईल फोन व नगदी रूपया पाये गये। इस तरह युवक से जप्त की गई स्मैक की अनुमानित कीमत चार लाख बीस हजार रूपया आंकी जा रही है। वही बताया जाता है कि स्मैक पावडर के साथ पकड़े गये युवक से यह स्मैक कहा से लाई गई है इस संबंध में पूछताछ की दौरान उसने बताया कि उसी के गाँव में रहने वाले प्रेमनारायण वंशकार पिता किशनलाल वंशकार हेतु बेचने के लिये खिलचीपुर, राजस्थान से लाना बताया। आरोपियों द्वारा बताए गए मुख्य स्त्रोत तक पहुचने हेतु पुलिस टीमों का गठन कर दिशा निर्देश दिए गए है जिन्हे जल्द गिरफ्त में लिया जावेगा। इस तरह पुलिस ने आरोपी नर्मदा प्रसाद चौधरी तथा प्रेम नारायण बंशकार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार करने के बाद मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमांड पर लिया गया है।

# न्यायालय परसिर में कल 14 दिसंबर को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में कल 14 दिसम्बर को इस वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर गाडरवारा में किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य समस्त आपराधिक, दीवानी, मोटर दुर्घटना, विद्युत चोरी, चैक बाउंस एवं पति पत्नी या परिवार के विवाद संबंधी मामलों में सुलह समझौते के माध्यम से प्रकरण का निराकरण हेतु कुल 9 खंडपीठों का गठन किया गया है। उक्त सभी खंडपीठों के द्वारा राजीनामा योग्य सभी मामलों में दोनों ही पक्षों के मध्य सुलह समझौते का प्रयास करते हुए सुलह समझौते के आधार पर प्रकरण के निराकरण का प्रयास किया जावेगा। मनीष कुमार श्रीवास्तव जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तथा तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के अध्यक्ष ने गाडरवारा क्षेत्र के सभी निवासियों से और विशेषकर उन व्यक्तियों से जिनके राजीनामा योग्य आपराधिक, दीवानी, चैक बाउंस, पति-पत्नी के विवाद, भरण पोषण संबंधी, बिजली चोरी संबंधी प्रकरण न्यायालयों में विचाराधीन है। यदि वह लोक अदालत में सुलह समझौते के माध्यम से अपने लंबित प्रकरण का निराकरण कराना चाहते हो तो वह गाडरवारा न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत में उपस्थित होकर सुलह समझौते की वार्ता कराकर अपने विवाद का सुखद निराकरण कराने आ सकते हैं। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि यदि चैक बाउंस वाले मामलों और न्यायालय में विचाराधीन दीवानी मामलों में सुलह समझौते के आधार पर लोक अदालत में निराकरण होता है तो पक्षकार के द्वारा मामला लगाने के लिए जो न्यायालय फीस का भुगतान किया गया था, वह पूरी की पूरी न्यायालय फीस पक्षकार को वापस कर दी जाती है।




न्यायाधीश श्रीवास्तव द्वारा यह भी जानकारी दी गयी कि विद्युत चोरी, जल एवं सम्पत्ति कर के मामलों में बकाया दर्शित मूल राशि, लोक अदालत में जमा करने पर ही सरचार्ज और ब्याज की राशि की छूट का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। यदि उपभोक्ता के द्वारा बकाया बिजली बिल, जल कर, सम्पत्ति कर की राशि का भुगतान 14 दिसम्बर को आयोजित लोक अदालत में न किया जाकर बाद में किसी अन्य दिवस को किया जाता है तो उन्हें बकाया बिल पर विद्युत विभाग / नगर पालिका द्वारा लगायी गयी सरचार्ज और ब्याज की राशि पर कोई छूट नहीं मिलेगी। अतः गाडरवारा क्षेत्र के सभी निवासियों और विद्युत उपभोक्ताओं से लोक अदालत में बकाया राशि जमा कर सरचार्ज एवं ब्याज की राशि पर मिलने वाली छूट का लाभ प्राप्त करने की अपेक्षा जताई गई है।

# ठंड एवं शीतलहर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को दी सलाह

### सुबह की पारी में लगने वाले स्कूलों के समय में परिवर्तन की होने लगी मांग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय तेज ठंड के चलते जहां सभी लोग परेशान होते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कृषि कार्यो के बीच लोग आग का सहारा लेते हुये देखे जा रहे है। इस तरह ठंड की लगातार बढ़ रहे क्रम को ध्यान में रखते हुये राष्ट्रीय पर्यावरण परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शीतलहर से बचाव के लिए नागरिकों को सलाह दी गई है कि शीतलहर का प्रभाव प्रत्येक वर्ष दिसम्बर-जनवरी के महीनों में होता है। शीत लहर का नकारात्मक प्रभाव 05 वर्ष से कम आयु के बच्चों, वृद्धजनों पर अधिक होता है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों, बेघर व्यक्तियों, दीर्घ कालिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों एवं खुले में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यापारियों पर भी शीत लहर का प्रभाव पड़ता है। ठंड एवं शीतलहर से नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू, नाक-कान से खून आना, हाथ की ऊंगलियों, कान-नाक अथवा पैर की ऊंगलियो में सफेदी या फीकापन, कपकपी आना, बोलने में कठिनाई, अधिक नींद आना, मांस पेसियों में अकड़न, सांस लेने में तकलीफ, कमजोरी, हाईपोथरमिया, अत्पताप जैसे लक्षण सामान्य पाये जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस तरह के लक्षण पाये जाने पर नागरिक तत्काल चिकित्सक की सलाह एवं नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार लेने एवं ऊनी कपड़ों को कई परतों में उपयोग करने की सलाह दी गई है। शीत लहर के संभावना के समय आवश्यक न हो तो यात्रा नहीं करें। वही आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिये सामग्री की व्यवस्था पूर्व से रखे। फस्ट एड की व्यवस्था रखे, हाईपोथरमिया, अत्पताप से बचाव के लिये गरम कपड़े, कम्बल, टावेल, टोपी, मफलर व शीट का उपयोग करे। गरम तरल पेय पदार्थ का उपयोग करें। विटामिन सी युक्त फल एवं सब्जियों का पर्याप्त सेवन करें, ताकि रोग प्रतिरोधक क्षमता एवं शरीर का तापमान संतुलित रहे। नागरिक हीटर, फायर पॉट, कोयला, अंगीठी का इस्तेमाल बंद कमरों में न करे। इससे कार्बन मोनो ऑक्साइड का खतरा होता है, मदिरा पान करने से बचे। हाइपोथरमिया, शीतलहर के कारण व्यक्ति यदि गंभीर हालत में हो तो गरम तरल पदार्थ नहीं दे। इस तरह शीत लहर के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा जहां लोगों को लगातार सावधान रहने के लिये सचेत करते हुये देखा जा रहा है। मगर शीत लहर के चलते उन मासूम बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है जिन बच्चों का स्कूल सुबह की पारी यानि की 7.30 बजे से लगता है। शीत लहर को ध्यान में रखते हुये अभिभावको द्वारा जिला प्रशासन से मांग की जा रही है कि सुबह की पारी में लगने वाले स्कूलों के समय में परिवर्तन करने के आदेश जारी किये जावे।



# ओशो लीला आश्रम जन्म दिवस मनाते हुये सन्यासी ध्यान गतिविधियों में लीन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक एवं आध्यात्मिक गुरु आचार्य रजनीश ओशो के जन्मोत्सव के मौके पर स्थानीय ओशो लीला आश्रम में तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जन्म महोत्सव कार्यक्रम में ओशो के संन्यासियों का उत्साह देखने काबिल है। यहां पर देखा जा रहा है कि क्षेत्रीय सन्यासियों के अलावा अन्य शहरों के संन्यासियों ने भी ओशो लीला आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में अपनी शिरकत कर विभिन्न ध्यान विधियो में लीन होकर आनंद उठाया । वहीं दूसरी ओर शिविर के शुभारंभ पर ओशो के संन्यासियों ने आश्रम परिसर में गीत संगीत के साथ केक काटकर ओशो का जन्म उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। वही ओशो की क्रीड़ा स्थली में बाहर से आए हुए संन्यासियों ने भरपूर आनंद लेते हुए ओशो से जुड़ी हुई यादों को सांझा किया । तीन दिवसीय शिविर के संचालक स्वामी



ध्यान आकाश एवं मा प्रेम गंगा के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। ओशो लीला आश्रम में स्थित मृत्यु बौद्ध स्थल पर भी सन्यासियों ने ओशो का स्मरण किया । मृत्यु बौध स्थल पर कई वर्षो पूर्व पुराना मंदिर हुआ करता था जहां 14 वर्ष की किशोर अवस्था में ओशो को मृत्यु का बोध हुआ था । ज्ञात हो कि आचार्य रजनीश ओशो का जन्म रायसेन जिले के छोटे से कस्बा कुछवाड़ा में 11 दिसंबर 1931 को ननिहाल में हुआ था । और उनकी मृत्यु 19 जनवरी 1990 में इंटरनेशनल कम्यून पुणे में हुई थी। ओशो का मानना था कि जब जन्म महोत्सव मनाया जा सकता है तो मृत्यु महोत्सव क्यों नहीं मनाया जा सकता। इसी के चलते ओशो के सन्यासी दोनों ही महोत्सव उत्साह के साथ मनाते हैं । वही बताया जाता है कि आचार्य रजनीश ओशो का बचपन का नाम रजनीश चंद्र मोहन जैन था उनकी प्रारंभिक शिक्षा नगर गाडरवारा के गंज प्राथमिक शाला में हुई तथा माध्यमिक स्तर से लेकर हायर सेकेण्डरी तक की पढ़ाई उन्होंन नगर के शासकीय आदर्श स्कूल जिसे जनता स्कूल के नाम से जाना जाता है उसमें पूर्ण की गई थी। इसके उपरांत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए पहले सागर विश्वविद्यालय गए वहां पर दर्शन शास्त्र में उन्होंने गोल्ड मेडल हासिल किया इसके बाद उन्होंने जबलपुर पहुंचकर रावटसन कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर रहकर अपनी सेवाएं दी। वही जबलपुर से ही उनकी आध्यात्मिक यात्रा प्रारंभ हुई जबलपुर के भंवर लाल स्थित मोल श्री वृक्ष के समक्ष आध्यात्मिक संबोधि घटित हुई । इस प्रकार जबलपुर से ही उन्होंने प्रवचन देना प्रारंभ किया ओशो की आध्यात्मिक यात्रा में जबलपुर का महत्वपूर्ण योगदान है। इस तरह नगर के ओशो लीला आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय शिविर में सक्रिय ध्यान नाथ ब्रह्म, विपसना, कुंडलनी, व्हाइट रोब, ब्रदरहुड ध्यान के साथ ओशो प्रवचन माला का श्रवण व सत्संग चल रहा है ओशो लीला आश्रम में संन्यासियों का जमघट लगा हुआ है।

# संदिग्ध स्थिति में एनपीएस स्कूल के पास शव मिलने से फैली सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में बीते हुये शुक्रवार यानि की 6 दिसम्बर को जिस तरह एक युवक की दिन दहाड़े हुई हत्या की घटना के चलते शहरवासी अभी भी दहशत में देखे जा रहे है। इसी बीच बीते हुये बुधवार को सोशल मीडिया पर जब यह खबर वायरल हुई कि नगर के एनपीएस स्कूल के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है तो एक बार फिर



नगर में सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया। वही घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा देखा तो संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। वही दूसरी ओर मौके पर लोगों की भीड़ भी एकत्र होने जाने के चलते मृतक की पहचान भूरा पिता फूलचंद यादव उम्र 52 वर्ष के रूप में किये जाने के बाद पुलिस द्वारा शव का पंचनामा बनाते हुये शव को पोस्ट मार्टम हेतु भेजा गया। वही शव की स्थिति तथा परिजनों के अनुसार भूरा यादव शराब पीता था। जिसके चलते अनुमान लग रहा है कि वह रात के समय अधिक शराब पीकर जा रहा होगा और यही पर गिर जाने के चलते रात में तेज ठंड के चलते उसकी मौत हो गई होगी..? इस तरह अधिक शराब व ठंड के चलते मौत का अनुमान लगाया जा रहा है। मगर घटना को लेकर पुलिस द्वारा पूर्ण गंभीरता के चलते मामले की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से मोटर सायकल सवार दो घायल

डिंडौरी। कोतवाली थाना अंतर्गत खरगहना के नजदीक बुधवार दोपहर लगभग 2.30 बजे कार की टक्कर से बाईक सवार दो लोग घायल हो गये । स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती कराया गया है जहां उपचार जारी है। अस्पताल चौकी पुलिस को दिये कथन में विजय पिता सुंदर सिंह कुरचाम उम्र 18 साल निवासी सिंघपुर थाना बजाग ने बतलाया कि अपने रिश्ते के भाई राहुल कुमार मरकाम के साथ उसी की मोटर सायकल क्रमांक एम पी 52 एम बी 8723 से डिण्डौरी से वापस अपने घर सिंघपुर जा रहे थे मोटर सायकल राहुल कुमार चला रहा था मै पीछे बैठा था तभी ग्राम खरगहना के पास पहुंचे थे उसी समय गाडासरई की ओर से आ रही कार क्रमांक एम पी 20 जेड जी 9986 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाकर हमारी मोटर सायकल में सामने से टक्कर मार दिया । जिससे हम दोनों सवार वाईक समेत गिर गये दुर्घटना में हम दोनों को चोट लगी है । आने जाने वाले और स्थानीय लोगो ने हमारी मदद करते हुए 108 एम्बुलेंस वाहन से जिला चिक्रित्सालय में भर्ती कराया है।

### राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा द्वारा श्रमिक संपर्क अभियान का हुआ आयोजन



डिण्डौरी । भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष पूर्ण होने पर दिनांक 1 दिसंबर 2024 से 15 दिसंबर 2024 तक जारी कर्मचारी श्रमिक संपर्क अभियान के अंतर्गत गुरुवार को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा द्वारा श्रमिक संपर्क अभियान का आयोजन जिला अस्पताल में किया गया।इस दौरान जिला अध्यक्ष राजकुमार साहू ने उपस्थित कर्मचारियों को मजदूर अधिकारों और योजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने श्रमिकों के हित में लगातार आवाज उठाने और एकजुटता की अपील भी की है।

### भाजपा कार्यालय अनूपपुर में दिनभर चला रायशुमारी का दौर

अनूपपुर।संगठन पर्व के अंतर्गत अनूपपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी के 16 मंडलों में बूथ अध्यक्षों से लेकर मंडल अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया पर आज विराम लग गया। 12 दिसंबर को भाजपा कार्यालय अनूपपुर में भाजपा संगठन के जिला निर्वाचन अधिकारी रीवा जिले के पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता के द्वारा अनूपपुर जिले के 16 मंडलों के लिए भाजपा के अपेक्षित पदाधिकारी मंडल अध्यक्षों के लिए रायशुमारी में शामिल हुए वरिष्ठ अपेक्षित पदाधिकारी. रायशुमारी से पहले मंडल अध्यक्षों की निर्वाचन प्रक्रिया में सभी मंडलों में बूथ अध्यक्षों की बैठक कर मंडल अध्यक्ष के लिए रायशुमारी की गई। मंडल अध्यक्ष के निर्वाचन कि आज अंतिम प्रक्रिया में भाजपा के अपेक्षित वरिष्ठ पदाधिकारियों से प्रत्येक मंडल से तीन नाम पर राय ली गई इसके पश्चात मंडल अध्यक्ष के चयन प्रक्रिया की पूरी कार्यवाही समाप्त हो गई। अब परिणाम की प्रतीक्षा में मंडल अध्यक्ष के दावेदार हैं। पूरी कार्यवाही को संपन्न कराने में भाजपा जिला अध्यक्ष रामदासपुरी निर्वाचन सहधिकारी आधाराम वैश्य जितेंद्र सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भाजपा के 11 मंडलों के अध्यक्ष घोषित डिंडोरी में आशीष को मिली कमान



डिंडोरी- भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के निर्वाचन अधिकारी विवेक नारायण सेजवलकर के अनुमोदन एवं डिंडोरी जिले की पर्यवेक्षक लता एलकर की सहमति के उपरांत भाजपा जिला डिंडोरी में निर्धारित मापदंडों के आधार पर संपूर्ण चुनाव संपन्न हुआ ,मंडल अध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया उपरांत 13 में से 11 मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा गुरवार को की गई।फिलहाल अमरपुर और बम्हनी मंडल के अध्यक्ष की घोषणा लंबित है।जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश पांडेय ने सूची जारी कर इसकी जानकारी सार्वजनिक की है।जिसके मुताबिक समनापुर से शिवराम राजपूत, गाड़ासरई से राजेश्वर साहू,बजाग से सुशील यादव, करंजिया से लक्ष्मी प्रसाद दरकेश, गोपालपुर से वर्षा कुशराम, डिंडोरी से आशीष वैश्य, सक्का से अनिल साहू,मेहंदवानी से सुदामा बर्मन, मानिकपुर से हीरेन्द्र मरावी, शाहपुर से अंकित गुप्ता और शाहपुरा से भजन चक्रवर्ती को मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया है। इन दावों की घोषणा के बाद डिंडोरी जिले में खुशी की लहर है, सभी ने संगठन को मजबूत करने की बात कही और घोषित नाम पर सहमति दी है। वहीं आशीष वैश्य को मंडल अध्यक्ष डिंडोरी बनाए जाने पर डिंडोरी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# धान गहाई करते थ्रेसर में हाथ फंसने से मजदूर का हाथ कटा



डिंडोरी। डिंडोरी गुरूवार को कोतवाली थाना अंतर्गत चटिया ग्राम में धान की गाहनी करते वक्त थ्रेसर में हाथ फंसने से एक मजदूर का हाथ कट गया हैं जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी हैं मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना के ग्राम चटिया निवासी चंद्र सिंह पिता गोविन्द सिंह उम्र 38 वर्ष गुरुवार की सुबह अपने ग्राम के ही एक किसान के यहां थ्रेसर में मजदूरी करने गया हुआ था उसी समय दोपहर के एक बजे धान को थ्रेसर में डालते वक्त मजदूर का हाथ थ्रेसर में फंस गया जिससे उसका हाथ शरीर से अलग हो गया जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को करीब 2.30 बजे जिला अस्पताल लाया गया जहां घायल का उपचार शुरू किया गया।

# कार की टक्कर से आठ साल के बालक की मौत , चालक के खिलाफ

डिण्डौरी। कोतवाली थाना अंतर्गत अमरकंटक रोड में घानाघाट के नजदीक बुधवार की शाम लगभग 5 बजे तेज रफ्तार कार चालक ने एक आठ वर्षीय बालक को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल अवस्था में बालक को जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया । मृतक के पिता की षिकायत पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। अस्पताल चौकी पुलिस को दिये कथन में बाहरिंसंह पिता भग्गू सिंह मरावी निवासी कोहका ने बतलाया कि मेरा छोटा लडका राजदीन मरावी उम्र 8 वर्ष और भांजा सुकवारू लाल धुर्वे लकड़ी लेने के लिए अमरकंटक रोड तरफ गये थे तभी शाम करीब 5.30 बजे भांजा सुकवारू लाल ने फोन करके बतलाया कि राजदीप राईस मिल के पास बने तालाब में शौच करने गया था ,वहां से आते समय रोड पार करने के दौरान डिण्डौरी की ओर से आ रही कार क्रमांक एम पी 20 सी जी 3368 के चालक ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है और ईलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जा रहे है। तब मै डिण्डौरी आकर अस्पताल में आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में देखा तो राजदीप पलंग पर लेटा था जिसे सिर मुंह कान और नाक में चोट लगी थी और उसकी मौत हो गई थी । दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसकी रास्ते में ही मौत हो गई है । पिता की षिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर शव के पंचनामा कार्यवाई के बाद पीएम करा परिजनों को सौप दिया है ।

# धान खरीदी केंद्र का हुआ शुभारंभ, किसानों ने जताई खुशी



डिण्डौरी । कई दिनों के इंतजार के बाद आखिरकार खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीद शुरू हो गई। वैसे तो धान की खरीदी की प्रारंभ तिथि 2 नवंबर को तय की गई थी परंतु किन्हीं कारणों से कुछ दिन बाद बुधवार को धान की खरीदी प्रारंभ कर दी गई ।बजाग के परड़िया डोंगरी स्थित खेल मैदान में धान की खरीदी का शुभारंभ पूजा पाठ कर किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी और क्षेत्रीय किसान सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।शुभारंभ के मौके पर भारत माता जी की तस्वीर पर ज्योत प्रज्वलित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। धान की खरीद में उपयोग लिए जाने वाले तराजू एवं अन्य उपकरणों की पूजा की गई।जिसके बाद धान उपार्जन केंद्र बजाग में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति बी पैक्स मेंहदवानी के द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीद प्रारम्भ की गई। इस मौके पर तहसीलदार भरत सिंह बट्टे, जी पी द्विवेदी नोडल अधिकारी जिला कॉपरेटिव बैंक ,संतोष साहू समिति प्रबंधक,,संतोष बघेल केंद्र प्रभारी, नंद कुमार साहू प्रबंधक ,,गुरु साहू ऑपरेटर, बिलाईखार सरपंच राजेंद्र मार्को,चूरामन साहू सहित बड़ी संख्या में किसान आदि मौजूद रहे।

# किसानों की मांग 2300 रूपये नहीं 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदे सरकार

### मुख्यमंत्री के नाम किसानों ने सौपा ज्ञापन



डिण्डौरी बुधवार को निघौरी भानपुर लेम्पस अंतर्गत किसानों ने भानपुर में एक बैठक आयोजित कर धान का समर्थन मूल्य बढाने को लेकर सरकार से मांग की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन थाना प्रभारी समनापुर को सौपा है। किसानो ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि निघौरी भानपुर लेम्पस क्रमांक 395 के अंतर्गत सभी किसानों को वर्तमान में समर्थन मूल्य 2300 की दर से खरीदा जा रहा है । जबकि वर्तमान सरकार के चुनावी घोषणा पत्र में 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया गया था । बावजूद इसके सरकार द्वारा पूर्व की भांति समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जा रही है। जिससे किसान अपने आपको ठगा महसूस कर रहे है। किसानों ने सरकार के वादा खिलाफी पर रोष व्यक्त करते हुए प्रस्ताव पारित किया है जिसमें धान का समर्थन मूल्य बढाकर 3100 रूपये किया जाये , गेंहू का समर्थन मूल्य 2700 रूपये प्रति क्विंटल किया जाये , क्षेत्र में स्थित सभी बांध और नहरों की मरम्मत किया जाये जिससे किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिल सके इसके अलावा कृषकों सिंचाई के लिए 5 एचपी तक के मोटर पंप संचालन के लिए निःषुल्क बिजली प्रदान करने की मांग की है। उक्त मांगों को शीघ्र पूर्ण करने की सरकार से मांग रखी गई है । साथ ही ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी भी जारी की है कि यह बैठक सांकेतिक है यदि मांगों का समय पर निराकरण नही हुआ तो सभी कृषक उग्र धरना प्रदर्षन के लिए बाध्य रहेगें जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रषासन की होगी । बैठक में टी एस मरावी, महेन्द्र सिंह ठाकुर, रायसिंह मरकाम, राजेष पन्द्रे, चारूसिंह, बलवानसिंह, मक्कू, सहित अनेको किसान शामिल रहे ।

# जल निगम द्वारा पाइप लाइन में बरती जा रही लापरवाही, हाथ लगाते ही उखड़ रही कंक्रीट की ढलाई

### सड़क पर लगा रहे मिट्टी का ढेर,वाहन चालकों समेत राहगीर की बढ़ी परेशानी



डिण्डौरी। शासन द्वारा बजाग विकास अंतर्गत वनग्राम चांडा को आदर्श ग्राम बनाने की पहल की जा रही है और इसके लिए तमाम योजनाओं का विस्तार भी किया जा रहा है इसी तारतम्य में बैगा चक ग्राम चांडा में जलनिगम के तहत सभी ग्रामों के टोला मोहल्ले में पाइप लाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है।जिसमे कार्य एजेंसी के द्वारा मनमानी पूर्वक कार्य कराया जा रहा है खुदाई से लेकर कंक्रीट की ढलाई में भी लापरवाही बरती जा रही है और कराए जा रहे कार्य में तरह तरह की खामियां नजर आने लगी है इसी के तहत ग्राम चांडा से दादर टोला में लाइन बिछाने का कार्य जारी है जिसमें स्टीमेट के अनुसार ठोस स्थान पर कम गहराई वाले गड्ढों में पाइप डालकर ऊपर से कंक्रीट की ढलाई कर गड्ढों को ढका जाना है परंतु कार्य कराने वाली जवाबदेह एजेंसी के द्वारा जमकर अनियमितताएं बरती जा रही है ढलाई के कार्य में प्रारंभ से ही घटिया मटेरियल का इस्तेमाल किया गया साथ ही कम गहराई वाले गढ्ढों में कंक्रीट की ढलाई करने के उपरांत उसमें मिट्टी डालकर ढक दिया गया है और कंक्रीट के ऊपर पानी डालकर तराई नहीं जा रही है जिससे पाइप लाइन के ऊपर ढाली गई कंक्रीट सप्ताह भर के अंदर धीरे धीरे कई स्थानों पर उखड़ने लगी है।निर्माण कार्य के दौरान हद तो तब हो गई जब कंक्रीट हाथ लगाने से उखड़ रही है कार्य को अंजाम देकर उसे मिट्टी से ढकने का कार्य भी तत्काल कर दिया गया ।जिससे निर्माण कार्य की पोल न खुलने पाए।पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क किनारे गड्ढे खोदने के कार्य में भी लापरवाही बरती जा रही है खुदाई के दौरान सड़क पर ही मिट्टी का ढेर लगाकर छोड़ दिया जाता है चांडा से दादर टोला और तांतर जाने वाले मार्ग पर सड़को में मिट्टी का ढेर लगा दिया गया है। जिससे आवाजाही करने वाले वाहन चालकों को परेशानियों।का सामना करना पड़ रहा है इस मार्ग पर बड़े छोटे वाहन चालकों को गाड़ी निकालने में दिक्कतें हो रही है बताया गया कि इस वजह से अब तक कई बाइक चालक फिसलकर चोटिल भी हो चुके है। गौरतलब है कि चांडा ग्राम में जलनिगम के तहत पाइप लाइन बिछाकर कार्य को फिलहाल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सौंपे जाने की योजना है।जिससे बोर के माध्यम से घर घर पानी आपूर्ति की जा सके।जानकारी के मुताबिक इस योजना के तहत जलनिगम के द्वारा आगामी समय में नदी के पानी को ट्रीटमेट प्लांट के जरिए पाइप लाइन से कनेक्ट कर

# वाहन चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण, चार में पाया गया दृष्टिदोष

### दबाईयां और चष्मो का किया वितरण



डिण्डौरी- पुलिस अधीक्षक श्रीमति वाहनी सिंह द्वारा सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये जमीनी स्तर पर हरसंभव प्रयास किये जाने हेतु कडाई से निर्देशित किया गया,जिस पर थाना यातायात स्टाफ द्वारा लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जाकर लोगो को यातायात के नियमों की जानकारी दी जा रही है । इसी तारतम्य में गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी के. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी यातायात सुभाष उइके द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिला चिकित्सालय में बस,तूफान,आटो सहित अन्य कमर्सियल वाहनों के चालकों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया । शिविर में लगभग 90 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण कराया गया।नेत्र चिकित्सक डॉ. मिनी मोर्वी,सहायक नेत्र चिकित्सक ए.के. झारिया,प्रेमलता तेकाम और मोनू ठाकुर ने जांच करते हुये 04 वाहन चालकों की आंखो में कलर ब्लाइंडनेस और मोतियाबिंद की शिकायत पाई है।जिन्हें उचित उपचार की सलाह दी गई।इसके साथ ही आंशिक दृष्टि दोष वाले अन्य वाहन चालकों को दवाईयां एवं चश्मे वितरित किये गये।इस दौरान एएसआई रामरूप विश्वकर्मा,तेजू सिंह राजपूत,के पी सिंह,आरक्षक सुनील गुर्जर,कमलेश अहिरवार,शिव मौर्या सहित तमाम यातायात अमला मौजूद रहा।

# अब अपनी ही भाषा में पहली से पांचवीं तक विद्या अध्ययन कर सकेंगे जनजातीय छात्र

### बैगा पुस्तक कार्य योजना पर चल रहा है काम

डिण्डौरी - मध्यप्रदेश की अत्यंत पिछड़ी जनजातियों में से एक बैगा जनजाति की विलुप्त होती भाषा ओर संस्कृति को सहजने एवं संवारने की दिशा में भारत सरकार का अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग एक और कदम उठाने जा रहा है जिसके तहत प्राथमिक स्तर पर पहली से पांचवीं तक के स्कूली पाठ्यक्रम में भाषा आवश्यक बदलाव किए जा रहे है इसके लिए हिंदी भाषा में लिखित पहली से पांचवीं की तक की विषयवार किताबों को बैंगानी एवं गोंडी भाषा में अनुवाद करने का कार्य किया जा रहा है आदिवासी अनुसंधान एवं विकास संस्थान की पहल पर जनजातीय स्कूली विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम को सरल बनाने के उद्देश्य से उनकी ही बोली भाषा में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रकाशित पहली से पांचवीं की किताबों को बैगानी एवं गोंडी भाषा में पिरोने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।महत्वपूर्ण यह है कि बैगानी भाषा में अनुवादित किताबों में अंग्रेजी भाषा की किताब को शामिल नहीं किया गया है जानकारी के अनुसार अन्य तीन विषय हिंदी गणित और पर्यावरण की ही किताबों पर अनुवाद करने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए जिले के बजाग विकास खंड में स्थित शासकीय कन्या परिसर में बैगा एवं गोंडी समुदाय के शिक्षकों सहित पैंतीस लोगों का दल दो अलग अलग शिफ्टों में हिंदी भाषा के विषयों को अनुवाद करने का कार्य कर रहे है बैगानी एवं गोंडी की मिश्रित भाषा का पाठ्यक्रम संभवतः अगले सत्र तक स्कूलों में प्रचलन में लाने की योजना है बैगानी भाषा को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने से जनजातीय बोली को प्रोत्साहन तो मिलेगा ही साथ ही यह प्रयोग डिंडोरी जिले की विशेष संरक्षित जनजाति बैगाओ के सामाजिक व्यवहार और संस्कृति को आगे बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा। तथा जनजातीय छात्रों के बौद्धिक परिपक्वता एवं विकास में भी सहायक होगा। जनजातीय समाज के छात्रों के उत्थान में आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्था के द्वारा उठाया गया यह कदम पायलट प्रोजेक्ट यानि कि प्रारंभिक प्रयोग के तौर पर भी देखा जा रहा है जिसकी कार्ययोजना का खाका बनाए जाने के लिए बजाग विकास खंड के बैगा एवं गोंडी भाषा के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ विशेषज्ञ शिक्षकों की मदद ली जा रही है पहली से पांचवीं तक के पाठ्यक्रम के भाषा बदलाव में बैगानी शब्दकोश से संग्रहित किए गए शिक्षा संबंधी शब्दों का समावेश भी किया जा रहा है तथा भाषा के हर पहलुओं का बारीकी से ध्यान रखा जा रहा है ।




### कार्ययोजना को कैसे दिया जा रहा है अंजाम-

विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जनजातीय संस्कृति व भाषा के जानकार धनेश परस्ते को बैगा पुस्तक योजना का नोडल अधिकारी बनाया गया है उन्होंने बताया कि इस कार्ययोजना के संबंध में आदिवासी अनुसंधान एवं विकास संस्थान नई दिल्ली भारत सरकार द्वारा जिले के जनजातीय कार्य विभाग को दिशा निर्देश प्राप्त हुए है उसके पालन में कार्ययोजना को मूर्तरूप देने के लिए विकासखंड के बैगा शिक्षकों समेत लगभग पैंतीस लोगों का दल इस कार्य में लगा हुआ है जिसका करीबन पचास प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शासकीय कन्या शिक्षा परिसर के ऑटोडोरियम हाल में छह मेजों पर जनजातीय समाज के विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा प्राथमिक स्तर के छात्रों के लिए बैगानी एवं गोंडी भाषा में विषयवार किताबों का अनुवाद करने का काम निरंतर जारी है पाठ्यक्रम का खाका तैयार करके जिले में भेजा जाएगा जहां से आदिवासी अनुसंधान एवं विकास संस्थान को प्रेषित किया जाना है भारत सरकार अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग नई दिल्ली की मुहर लगने के बाद ही बैगानी एवं गोंडी भाषा का पाठ्यक्रम प्रचलन में आना संभावित है। जानकारी के मुताबिक विलुप्त होती संस्कृति एवं भाषा के शब्दकोश को जीवंत रखने हेतु समय समय पर आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्था द्वारा कार्य शालाएं भी आयोजित की जाती रही है ।जानकारी के मुताबिक वर्ष 2008 में भी बैगांचल के वन्या रेडियो केंद्र चांडा के माध्यम से प्राथमिक स्तर के बैगा छात्रों को उन्हीं की बोली भाषा में शिक्षा देने कार्यक्रम प्रसारित किए जाते रहे है।

# मोड़ में मोटर सायकल अनियंत्रित होने से दो घायल

डिण्डौरी

कोतवाली थाना अंतर्गत मुडकी के नजदीक बुधवार रात लगभग 9 बजे बाईक एक मोड़ में फिसलकर गिर गई जिसमें सवार तीन लोग गिर गये । हादसे में दो लोग घायल हो जिन्हे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस को दिये कथन में नरेन्द्र कुमार पिता गुलाब सिंह बनवासी उम्र 24 साल निवासी अचलपुर थाना राजेन्द्रग्राम ने बतलाया कि अपने चचेरे भाई मनोज कुमार बनवासी के साथ अपने भाई योगेष बनवासी को लेने मोटर सायकल क्रमांक एम पी 65 एम एफ 2960 से लेकर वापस अचलपुर जा रहे थे । मोटर सायकल योगेष चला रहा था बीच में मनोज बैठा था और पीछे मै बैठा था तभी मुडकी के पास मोड़ में मोटर सायकल अयंत्रित हो गई और फिसलकर खेत में जा गिरी जिसमें सवार हम तीनो लोग भी गिर गये । दुर्घटना में योगेष और मनोज को चोट लगी है जिसके बाद अपने जीजा राम खिलावन बनवासी को बतलाया तब उसने एक प्रायवेट गाडी से जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती कराया है।

# विशाल भंडारे के साथ कबीर निर्गुण पुराण एवं ज्ञान यज्ञ सत्संग समारोह का समापन



मेंहदवानी। विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी में विगत 5 दिसंबर से आयोजित संगीतमय कबीर निर्गुण पुराण एवं ज्ञानयज्ञ सत्संग समारोह का गुरुवार को विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया।5 दिसंबर से 12 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर को 2 बजे से शाम 5 बजे तक पौराणिक कबीर पंथ आचार्य गुरुदेव श्री कमल साहेब सिंलोंड़ी जबलपुर के मुखारविंद से संगीतमय कबीर निर्गुण पुराण एवं ज्ञानयज्ञ सत्संग में वाचन किया गया जिसे सुनने आस पास के ग्रामों सहित दूर दराज के ग्रामों से कबीर पंथी धर्मप्रेमी समाज भारी संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लिया। गुरुवार को सत्संग समारोह का समापन विशाल भंडारे के साथ किया गया। उल्लेखनीय है कि मेंहदवानी में इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ था इस कारण लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया था।

# जनपद मेंहदवानी में तीन दिनी सामूहिक अवकाश पर गए पेसा मोबिलाईजर्स



मेंहदवानी। जनपद पंचायत मेंहदवानी अन्तर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों के पेसा मोबिलाईजर्स मानदेय की समस्या को लेकर विरोध स्वरूप तीन दिवसीय सामुहिक अवकाश पर चले गए हैं। इस संबंध में मोबिलाईजर्सों ने जनपद पंचायत मेंहदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र सौंपकर सूचना दी है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायतों में पेसा मोबिलाईजर्सों द्वारा लगातार ईमानदारी और लगन से कार्य किया जा रहा है। मानदेय के रूप में मात्र 4 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा पेसा मोबिलाईजर्सों का मानदेय दुगना यानि 4 हजार कि जगह 8 हजार रुपए किये जाने की घोषणा की गई थी परन्तु 8 दिसंबर 2024 को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी आई है कि इस प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले से समस्त पेसा मोबिलाईजर्सों में मायूसी छाई हुई है क्योंकि मंहगाई के इस दौर में 4 हजार रुपए में परिवार चलाना असम्भव साबित हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### श्री राम महायज्ञ का भूमि पूजन संपन्न



**नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय हाउसिंग बोर्ड स्थित चंदा नगर कॉलोनी मे श्री राम जानकी मंदिर के पास आयोजित होने वाले श्रीराम महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन किया गया। आयोजक मंडल के सदस्यों सहित की उपस्थिति में आचार्य पंडित भैयाराम लहरिया द्वारा भूमि पूजन कराया गया। ज्ञात हो कि उक्त महायज्ञ 5 से 12 फरवरी 2025 तक आयोजित होगा। उक्त मौके पर पूर्व राज्य मंत्री एवं पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल , सुदर्शन महाराज, पं. देवेंद्र दीक्षित, राजकुमार उदेनिया, मुकेश पचौरी, पंडित अब्देश हरदेनिया, जगदीश शर्मा, अखिलेश उदेनिया , मनीष गिरधोनिया, अंकित दूबे, सुन्दरा स्थापक, चंद्रशेखर कुरचनियाँ एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व नपा अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी, रमाकान्त चैबे , नीरज मिश्रा बॉबी, आजाद उमरे, गुड्डा यादव , सुशील सोनी, अनिरुद्ध दूबे, सुरेश कतिया एवं अन्य मातृशक्ति मोजूद रहे।

### रोल प्रेक्षक 19 को लेंगे बैठक


**नरसिंहपुर।** रोल प्रेक्षक व आयुक्त जबलपुर अभय वर्मा का जिले में द्वितीय भ्रमण 19 दिसम्बर को प्रस्तावित है। आयुक्त जबलपुर की अध्यक्षता में 19 दिसंबर को दोपहर 2.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष नरसिंहपुर में बैठक लेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के मान से फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 प्रचलित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा नामावली के पुनरीक्षण कार्य के लिए पर्यवेक्षक के लिए आयुक्त जबलपुर को नरसिंहपुर जिला का रोल प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। यह जानकारी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### बाल मजदूरी पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन




**नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई में बाल मजदूरी विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रा इकाई से कुमारी शिखा वर्मा , राशिका चैरसिया , कविता यादव , नेहा चौधरी , अंजना यादव , प्रियंका अहिरवार , लक्ष्मी प्रजापति एवं अन्य स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान शिखा वर्मा , द्वितीय स्थान राशिका चैरसिया तथा तृतीय स्थान कविता यादव ने प्राप्त किया साथ ही बाल मजदूरी विषय पर महाविद्यालय विद्यार्थियों के साथ चर्चा की गई एवं बाल मजदूरी को रोकने के प्रयास करने के विषय में सभी महाविद्यालय विद्यार्थियों ने कोशिश करने का आश्वासन दिया। उक्त अवसर पर श्रुति गुप्ता और उनकी टीम मौजूद रही।

### इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**नरसिंहपुर।** स्थानीय पीजी कॉलेज ग्राउंड पर आज 11 दिसम्बर 2024 को इंटर कॉलेज प्रतियोगिता लेदर वॉल क्रिकेट मैच का का फाइनल पीजी कॉलेज नरसिंहपुर और पीजी कॉलेज गाडरवारा के बीच खेला गया। जिसमें पीजी कॉलेज गाडरवारा ने निर्धारित 15 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 160 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया जिसमें पीजी कॉलेज गाडरवारा की ओर से प्रियांशु ने 71 रनों की शानदार पारी खेली जवाब में पीजी कॉलेज नरसिंहपुर की टीम ने मात्र 11 ओवर में विशाल लक्ष्य प्राप्त कर विजय श्री हासिल की।

## हॉकी प्रतियोगिता के समापन में शामिल हुए मंत्री श्री पटेल

# नरसिंहपुर व उज्जैन के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल नरसिंहपुर हॉकी स्टेडियम में स्व. मणिनागेन्द्र सिंह की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। 8 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक चले इस प्रतियोगिता में फाइनल मैच नरसिंहपुर और उज्जैन के बीच खेला गया, जिसमें नरसिंहपुर की टीम ने उज्जैन को 4- 3 से हराया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने विजेता एवं उप विजेता टीम, निर्णायकों, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायकद्वय विश्वनाथ सिंह पटेल एवं महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व विधायक एनपी प्रजापति व संजय शर्मा मंचासीन थे।





### खेलों को देना चाहिये प्रोत्साहन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि खेल के मैदान में खिलाड़ियों को खेलता देख एक अलग ही अनुभूति मिलती है। आज नरसिंहपुर हॉकी अकादमी, खिलाड़ियों एवं निर्णायकों ने जिस बेहतरीन तरीके से कार्यक्रम को सफल बनाया है, इसके लिए सभी को बधाई। मंत्री श्री पटेल ने हॉकी स्टेडियम नरसिंहपुर के बारे में बताते हुए कहा कि इस मैदान पर उन्होंने भारत और फ्रांस के बीच खेले गये हॉकी मैच को देखा था। अच्छा खेल व खिलाड़ी समाज पैदा करता है। सरकार सिर्फ उन्हें साधन मुहैया करा सकती है। आज इस आयोजन में सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने शिरकत की। यह संदेश देता है कि हमें दलीय भावना से दूर रहकर एकजुटता के साथ खेलों को प्रोत्साहन देना चाहिये। मैं अक्सर कहता हूं कि सच्चे अभिभावक की पहचान है कि जो कष्ट उन्होंने अपने जीवन में भोगे हैं, वह कष्ट उनके बच्चे न भोगें। आज जिस खिलाड़ी भावना से खिलाड़ियों ने खेल का प्रदर्शन किया, वह काबिले तारीफ है।

### अपनी हार से लें जीत का सबक

विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने कहा कि दोनों टीमों को बधाई। एक टीम विजेता बनी है और एक उपविजेता। जो टीम जीत नहीं पाई है वह सबक लें और अपने खेल को बेहतर बनाने का प्रयास करें। एक दिन जीत अवश्य मिलेगी। पूर्व सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि इस जिले का हॉकी के प्रति समर्पण कई वर्षों से रहा है। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम करने वाले खिलाड़ी इसी मैदान से निकले हैं। बहुत ही कम संसाधन में खेले जाने वाला यह खेल है। फाईनल मैच में जो टीम हारी है, उसे दुखी होने की जरूरत नहीं है, वे अपनी कमियों को सुधारें और उम्दा प्रदर्शन करें।

### खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

समापन कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्राफी, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्व. कृष्ण कुमार चौबे की स्मृति में सर्वश्रेष्ठ प्लेयर (सबसे कम आयु) का खिताब नरसिंहपुर के मोहित महोबिया को मिला। स्व. हकीम मासाब की स्मृति में सर्वश्रेष्ठ गोल कीपर उज्जैन के खिलाड़ी सुदर्शन, सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर उज्जैन के कुलदीप, सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड नरसिंहपुर के शाहिल दास, बेस्ट स्कोरल नरसिंहपुर के अमन साहू, बेस्ट सेंटर हॉफ नरसिंहपुर के सुशील को दिया गया। उप विजेता टीम उज्जैन को 21 हजार रुपये और ट्राफी व विजेता टीम नरसिंहपुर को 31 हजार रुपये की राशि व ट्राफी प्रदान की गई। कार्यक्रम के पूर्व मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने स्व. मणिनागेन्द्र सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किये और दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

### इनकी रही उपस्थिति

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे व उपाध्यक्ष अजीत ठाकुर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कंछेदी लाल पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल, सुनील कोठारी, डॉ. अनंत दुबे, पूर्व नपा अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, डॉ. संजीव चांदोरकर, राजेन्द्र ठाकुर, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, अधिकारी- कर्मचारी, खिलाड़ी और दर्शक मौजूद थे। कार्यक्रम का आभार राजकुमार चैबे द्वारा व्यक्त किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्निहोत्री ने किया।

# 16 को कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस जिले के कांग्रेस नेताओं द्वारा पत्रकारवार्ता आयोजित कर प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया। प्रेस वार्ता में बताया गया कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण हर वर्ग त्रस्त है। महिलाओं, बालिकाओं पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रहीं हैं। चुनाव में किए वादों से भाजपा सरकार मुकर रही है। किसान को वाजिब दाम नही मिल रहे और कृषि लागत बढ़ रही है। यही कारण है कि जनसमस्याओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस द्वारा 16 दिसंबर को भोपाल में विधानसभा का घेराव आंदोलन किया जायेगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में विधानसभा घेराव आंदोलन में भाग लेने की अपील कार्यकर्ताओं से की गई। साथ ही बैठक में संगठन संबंधी चर्चा भी की गई।

### कन्या विद्यालय में बाबू की समस्या

**तेंदूखेड़ा** इन दिनों तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय के बालक और कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबूओं की समस्यायों से जूझ रहे हैं। बालक उच्चतर विद्यालय में जहां बाबू ना होने की स्थिति में शैक्षणिक पत्राचार की गतिविधि शून्य हो गई थी। जैसे तैसे यहां पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में जाति प्रमाण पत्र बनाने की व्यवस्था देख रहे मिथलेश पाटकर को आगामी व्यवस्था तक दायित्व सौंपा गया है। लेकिन कन्या उच्चतर विद्यालय में पदस्थ बाबू जी अस्वस्थ होने की स्थिति में इनसे हस्ताक्षर तक नहीं हो पाते हैं। चलने फिरने से भी लाचार बनें हुए हैं ऐसी स्थिति में यहां का लिपिकीय कार्य भी प्रभावित हो रहा है। यहां पर पदस्थ शिक्षकों के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था चल रही है। शीघ्र ही बाबू की व्यवस्था हेतु मांग विद्यालय द्वारा की गई है।

# जनप्रतिनिधियों ने प्राप्त किया प्रकृति परीक्षण सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह ने स्वयं देश का प्रकृति परीक्षण किया। इसके अलावा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी देश का प्रकृति परीक्षण कर सर्टिफिकेट प्राप्त किये और आम नागरिकों को संदेश दिया। यह अभियान आयुष विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस से शुरू कर 25 दिसम्बर तक चलाया जायेगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि यह प्रकृति परीक्षण हमें अपने आपको स्वस्थ रखने, खानपान और बीमारियों के संबंध में सही जानकारी प्रदान करता है। हम जिस प्रकृति के हैं, हमें उसके अनुसार अपनी चिकित्सा करने में मदद मिलती है। यह ऑनलाइन प्रकृति परीक्षण किया जाता है, जिसके माध्यम से आपकी शारीरिक, मानसिक, आदतों आदि सभी जानकारी देता है। इससे जन्म से ही आपकी प्रकृति के बारे में पता चल जाता है। यह ऑनलाइन ही एक सर्टिफिकेट जनरेट होता है, जिस पर आपकी प्रकृति मेंशन रहती है। इसका उद्देश्य कई गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाना है। यह ज्ञान लोगों में बेहतर स्वास्थ्य और रोगों की रोकथाम के लिए जीवन शैली आहार और व्यायाम दिनचर्या को अपने में सक्षम बनाता है। यह बताता है कि आयुर्वेद स्वस्थ जीवन के आधारशिला है। इस दौरान जिला आयुष अधिकारी श्रीमती सुरत्ना सिंह चौहान मौजूद थी।

## ठंड एवं शीतलहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय पर्यावरण परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने शीतलहर से बचाव के लिए नागरिकों को सलाह दी गई है कि शीतलहर का प्रभाव प्रत्येक वर्ष दिसम्बर-जनवरी के महीनों में होता है। शीत लहर का नकारात्मक प्रभाव 05 वर्ष से कम आयु के बच्चों, वृद्धजनों पर अधिक होता है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों, बेघर व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों एवं खुले में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यापारियों पर भी शीत लहर का प्रभाव पड़ता है। ठंड एवं शीतलहर से नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू, नाक-कान से खून आना, हाथ की ऊंगलियों, कान-नाक अथवा पैर की ऊंगलियो में सफेदी या फीकापन, कपकपी आना, बोलने में कठिनाई, अधिक नींद आना, मांसपेसियों में अकड़न, सांस लेने में तकलीफ, कमजोरी, हाईपोथरमिया, अत्पताप जैसे लक्षण सामान्य पाये जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस तरह के लक्षण पाये जाने पर नागरिक तत्काल चिकित्सक की सलाह एवं नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार लेने एवं ऊनी कपड़ों को कई परतों में उपयोग करने की सलाह दी गई है। शीत लहर के संभावना के समय आवश्यक न हो तो यात्रा नहीं करें। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिये सामग्री की व्यवस्था पूर्व से रखे। फस्ट एड की व्यवस्था रखे, हाईपोथरमिया, अत्पताप से बचाव के लिये गरम कपड़े, कम्बल, टावेल, टोपी, मफलर व शीट का उपयोग करे। गरम तरल पेय पदार्थ का उपयोग करें। विटामिन सी युक्त फल एवं सब्जियों का पर्याप्त सेवन करें, ताकि रोग प्रतिरोधक क्षमता एवं शरीर का तापमान संतुलित रहे। नागरिक हीटर, फायर पॉट, कोयला, अंगीठी का इस्तेमाल बंद कमरों में न करे। इससे कार्बन मोनो ऑक्साइड का खतरा होता है, मदिरापान करने से बचे। हाइपोथरमिया, शीतलहर के कारण व्यक्ति यदि गंभीर हालत में हो तो गरम तरल पदार्थ नहीं दे।

### राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत निपटाये जा रहे प्रकरण

**नरसिंहपुर।** राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत जिले में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में राजस्व विभाग के अधिकारी- कर्मचारी राजस्व महाअभियान को सफल बनाने के लिए कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। कैम्पों के माध्यम से राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण किये जा रहे हैं। राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन, नक्शा अद्यतन, आधार से आरओआर खसरे की लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री व परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन के कार्य किये जा रहे हैं। राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत 11 दिसम्बर तक नामांतरण के 859, बंटवारा के 123, अभिलेख दुरूस्ती के 55, सीमांकन के 60, आधार से आरओआर खसरे की 16 हजार 567 की लिंकिंग का कार्य किया जा चुका है और 7 परम्पराागत रास्तों का चिन्हांकन किया जा चुका है। जिले में नामांतरण 98.17 प्रतिशत, बंटवारा 97.62 प्रतिशत, अभिलेख दुरूस्ती 76.39, सीमांकन 98.36 प्रतिशत और परंपरागत रास्तों का 87.50 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की है।

## ठंड ने दिखाया अपना प्रभाव

# गर्म कपड़ों की पूछ परख बढ़ी

तेंदूखेड़ा

पिछले दो तीन दिनों से पड़ रही कड़ाके की सर्दी से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। विगत सप्ताह से सर्दी ना पड़ने से जहां गर्म कपड़ों की बिक्री ठप्प पड़ी हुई थी व्यापारी वर्ग गर्म कपड़ों की बिक्री को लेकर पशोपेश की स्थिति में था ग्राहकी ना चलने के कारण गर्म कपड़े रखे रहने अशंका बनीं हुई थी।वहीं फसलों को लेकर भी किसानों में निराशा का भाव देखने को मिल रहा था। लेकिन अचानक शुरू हुई इस सर्दी से अब शाम होते ही लोग बाग ठंड से बचाव के साथ सुबह तेज धूप निकलने के बाद ही बाजार खुल पा रहे हैं। ठंड से बचाव हेतु आग तापने का सिलसिला भी शुरू हो गया है लोग बाग सामूहिक रूप से आग तापते हुए घरों में देखें जाने लगें हैं।कृषक वर्ग का कहना है कि सर्दी ना पड़ने के कारण फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा था।इस सर्दी से फसलों को अनुकूल माहौल मिलेगा फसलें ग्रोथ करेंगी। और बादलों के कारण इल्ली पैदा हो रही थी वह भी नष्ट हो सकेगी।

### फसलों को नुकसान पहुंचा रहे जंगली जानवर

इन दिनों तेंदूखेड़ा सहित आस पास जंगली ग्रामीण क्षेत्रों में जानवर फसलों को नुकसान पहुंचा रहें हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार रात्रि के समय जंगली सुअर जहां गन्ना फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं वहीं पूर्व में बोबनी के बाद अंकुरित हुए चने की फसल को अपना निवाला बना रहें हैं। परेशान किसानों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि रात्रि के समय जागरण करके जानवरों को जुगाड़ कौतूहल से जानवरों को भगाना पड़ता है। सुअरों के झुंड इतनी बड़ी संख्या में हुआ करतें हैं कि देखते-ही-देखते फसलों को तबाह कर दिया करतें हैं। तेंदूखेड़ा से लगे मर्रावन इमलिया खकरैडी ब्रह्मनी ढिलवार मौआखेडा भौंरपानी खमरिया रमपुरा घुघरी पीपरवानी सहित विभिन्न ग्रामों में जंगली सुअरों का आतंक बना हुआ है।

# नाबालिग के साथ जंगल में किया दुराचार, दो आरोपी गिरफ्तार




गोटेगांव

थाना अंतर्गत नाबालिग़ के साथ दुराचार का मामला सामने आया हैं मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है बताया जाता है कि बलात्कार के आरोपी कल्याण पटेल निवासी तरवारा और श्री राम पटेल निवासी लाठगाव पिपरिया के रहने वाले हैं उन्होंने एक नाबालिग़ को शादी का झांसा देकर जंगल में उससे दुराचार की घटना को अंजाम दिया इसके बाद वह शादी से मुकर गए। इसके बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत गोटेगांव पुलिस थाने में दर्ज कराई है आरोपियों के खिलाफ रेप की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिपरिया लाठगांव निवासी श्रीराम पटेल एवं तरवारा निवासी कल्याण पटेल के खिलाफ धारा 96, 64, 70, 351, 5, 59 पास्को की धारा के तहत प्रकरण कायम किया है। पीड़िता दूसरे पुलिस थाना के एक गांव की निवासी बतलाई गई है।आरोपी नाबालिक लड़की से शादी की बात कर रहे थे और उससे शादी का झांसा देकर उसे लगातार दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे रहे थे फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में है और उन्हें जेल भेज दिया गया है।



# महाविद्यालय के खिलाड़ियों को किट वितरण किया गया

**गोटेगांव** - शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव कबड्डी महिला खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने पर किट वितरण किया गया, खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन करने महाविद्यालय निरंतर प्रयास कर रहा है, जनभागीदारी समिति गोटेगांव के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने घोषणा की जो भी छात्र छात्रा विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगा उनको ट्रैकशूट अथवा 2100 रु नगद पुरुष्कार प्रदान किया जायेगा,किट वितरण के समय डॉ प्रहलाद सिंह पटेल क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि विगत एक माह में महाविद्यालय के बारह खिलाड़ी संभाग और एक छात्र शशांक जैन विश्वविद्यालय स्तर पर खेलने गए थे आज किट वितरण के दौरान जसवंत पटेल, संदीप राजपूत, सचिन ऊमरे

# रोहिया पहुंच मार्ग बदहाल, राहगीर परेशान

गोटेगांव



तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहिया से गांव बरगड़ा जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क मार्ग कई जगह पर जर्जर हो गई है। जिसके कारण यहां से आने जाने वालों को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क पर पानी निकासी के लिए तीन पुलियों का निर्माण कार्य किया गया है, इन पुलियों के आस पास सड़क का कटाव हो जाने से यहां पर खतरनाक स्थिति निर्मित हो गई है। यहां ने निकलने वालों का कहना है कि इन स्थल पर जो कटाव हुआ है वहां पर रात के वक्त दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।इस सड़क पर पुलिया के आस पास जो कटाव हुआ है, उसका अभी तक कोई सुधार कार्य नहीं करवाया गया है। वहीं सड़क की स्थिति गारंटी होने के बाद भी खराब हो चुकी है जिसकी मरम्मत कराने की दिशा में विभाग को समुचित कदम उठाना चाहिए। ताकि इस इलाके की सड़क का लाभ लम्बे समय तक गांव के लोगों को प्राप्त हो सके,इस सड़क पर भारी वाहन की आवाजाही नहीं रहती है इसके बाद भी सड़क की हालत खराब हो गई है। बारिश में पुलिया के ऊपर से पानी प्रवाहित होने के कारण उसके आस पास सड़क में कटाव हो गया है। जिसको दुरुस्त कराना विभाग की जिम्मेदारी है।